# मजबूत सपोर्ट मैकेनिज्म और इकोसिस्टम के बारे में बताया

## • यूपीईएस के छात्रों ने माइक्रोसॉफ्ट फ्रांस के सीईओ से मुलाकात की

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। हाल ही में यूपीईएस के छात्रों ने यूरोप में इंडस्ट्री विजिट किया। छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट फ्रांस के सीईओ ओलिवियर एल के साथ एक सेशन में भाग लेने का मौका मिला। जिन्होंने छात्रों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की और उन्हें करियर के रूप मे विचार करने के लिए प्रेरित किया और माइक्रोसॉफ्ट की ओर से प्रदान किए गए मजबूत सपोर्ट मैकेनिज्म और इकोसिस्टम के बारे में भी विस्तार से बताया।
इसके अलावा छात्रों ने जर्मनी के म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू का भी दौरा किया जहां उन्होंने ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के बारे में अमूल्य जानकारी प्राप्त की। इस से छात्रों को इस बात की व्यापक समझ मिली कि एक ग्लोबल ऑटोमोटिव दिग्गज प्रतिस्पर्धी बाजार में कैसे काम करता है। यूपीईएस में ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम लीडरशिप स्किल, क्रिएटिव थिंकिंग और एनालिटिकल अबिलिटीज पर जोर देते हुए इंटरनेशनल एक्सपोजर प्रदान करता है। डाइवर्स बिजनेस कल्चर के बारे में जानकर, छात्र अपने क्षेत्रों पर नए नज़रिये प्राप्त करते हैं, जिससे वे ग्लोबल वर्क एनवायरनमेंट को नेविगेट करने में कुशल बनते हैं। हाल ही में यूपीईएस में एमबीए के छात्रों ने नॉर्वे और मलेशिया में इमर्शन प्रोग्राम में भाग लिया, जहां उन्होंने इंटरनेशनल बिजनेस प्रैक्टिसेज और कल्चरल नुएन्सेस का अनुभव प्राप्त किया। यह इंटरनेशनल एक्सपोजर यूपीईएस की छात्रों को ग्लोबल करियर के लिए तैयार करने की कमिटमेंट का हिस्सा है। विभिन्न विषयों में 50 से अधिक यूपीईएस छात्र इस वर्ष क्वींसलैंड विश्वविद्यालय और एबरडीन विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पार्टनर्स से अपनी अकादमिक जर्नी शुरू करेंगे। इंटरनेशनल एक्सपोज़र छात्रों को डाइवर्स मार्केट्स में नेविगेट करने, क्रॉस बॉर्डर डायनामिक्स को समझने और ग्लोबल टीमों के साथ सहयोग करने के कौशल से लैस करता है। आज की इंटरकनेक्टेड और कॉम्पिटिटिव ग्लोबल इकॉनमी में, बिजनेस के लीडर्स को कठिन इंटरनेशनल लैंडस्केप को कुशलता से नेविगेट करना चाहिए। इसमें डाइवर्स कल्चरल कॉन्टेक्स्ट, रेगुलेटरी एनवायरनमेंट और मार्किट डायनामिक्स को समझना शामिल है। ग्लोबल अनुभव वाले छात्र इन पहलुओं में प्रत्यक्ष अनुभव और इनसाइट्स प्राप्त करते हैं, जिससे वे इंटरनेशनल सेटिंग्स में मैनेजमेंट और लीड करने में अधिक कुशल बनते हैं। इसके अलावा, इंटरनेशनल एक्सपोजर छात्रों को एक ग्लोबल माइंडसेट विकसित करने में मदद करता है, जो इनोवेशन और स्ट्रेटेजिक डिसिशन मेकिंग के लिए आवश्यक है। यह उनके सीखने को बढ़ाता है और कैरियर के अवसरों को व्यापक बनाता है, जिससे वे ग्लोबल करियर के लिए तैयार होते हैं। यूपीईएस विभिन्न कोर्सेज है जो छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कुशल ग्लोबल प्रोफेशनल बनने के लिए तैयार करते हैं। यूएसए, यूके, जर्मनी, स्वीडन, इटली, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, रूस और अन्य देशों के टॉप यूनिवर्सिटीज के साथ स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के माध्यम से यूपीईएस एक रिच और डाइवर्स अकादमिक एनवायरनमेंट सुनिश्चित करता है। ये सहयोग छात्रों को एक्सचेंज प्रोग्राम, जॉइंट रिसर्च इनिशिएटिव और इंटरनेशनल इंटर्नशिप के लिए यूनिक अवसर प्रदान करते हैं। यूनिवर्सिटी का ग्लोबल पाथवे प्रोग्राम छात्रों को यूपीईएस में अपने कोर्सवर्क का कुछ हिस्सा और बाकी हिस्सा पार्टनर यूनिवर्सिटीज में पूरा करने में सक्षम बनाता है। अतीत में छात्रों ने यूनाइटेड स्टेट्स में बर्कले ग्लोबल, न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड विश्वविद्यालय और कई अन्य जैसे प्रमुख संस्थानों में अपनी शैक्षणिक खोज की है। इसके अलावा यूपीईएस एक्सचेंज प्रोग्राम चलाता है जो छात्रों और शिक्षकों को साल में दो बार क्रॉस-कल्चरल अकादमिक एक्सचेंज के अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, सेमेस्टर-विदेश कार्यक्रम छात्रों को प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज में अध्ययन करने की अनुमति देता है, जो डिफरेंट कल्चर्स और शैक्षिक प्रणालियों के संपर्क के माध्यम से पर्सनल और प्रोफेशनल ग्रोथ को बढ़ावा देता है।


जर्मनी के म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू का दौरा करते यूपीईएस के छात्र।